समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 23 September 2026

# 17 वर्ष की उम्र मे व्यवसाय की शुरुआत करने वाले युवा उद्यमी संदीप माळी को "Maharashtra Business Icon" के लिए चयन

Sanket Morankar

Published on 28 Feb 2026



तासगांव (जिला सांगली) के युवा उद्यमी संदीप धनंजय माळी ने यह सिद्ध कर दिखाया है कि यदि जिद और आत्मविश्वास हो तो उम्र सफलता के रास्ते में बाधा नहीं बनती। मात्र 17 वर्ष की आयु में "मंगलमूर्ती फ्लॉवर्स" की स्थापना कर उन्होंने न केवल अपना सपना साकार किया, बल्कि आज संपूर्ण सांगली जिले में अपनी कला की अलग पहचान बनाई है।

संदीप का जीवन संघर्षों से भरा रहा। बचपन में ही पिता का साया सिर से उठ गया। परिवार की जिम्मेदारी कम उम्र में ही समझ में आ गई। आजोळ (ननिहाल) में मामाओं के सहयोग से उन्होंने जीवन की दिशा तय की।

सिर्फ 13 वर्ष की आयु में वे कराड के एक फूलों की दुकान में कामगार के रूप में जुड़े। जहां दूसरे बच्चे खेलते थे, वहीं संदीप ने तीन वर्षों तक मेहनत कर फूल सजावट (फ्लावर डेकोरेशन) की कला सीखी। उनकी लगन और कला के प्रति समर्पण ने उन्हें आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी।

सितंबर 2017 में, 17 वर्ष की आयु में उन्होंने तासगांव में "मंगलमूर्ती फ्लॉवर्स" की शुरुआत की। शुरुआत आसान नहीं थी। कम उम्र होने के कारण लोगों को विश्वास दिलाना एक बड़ी चुनौती था।

लेकिन संदीप ने बोलने से अधिक काम को अपनी पहचान बनाया। धीरे-धीरे उनकी कला ने लोगों का मन जीत लिया। शादी हॉल डेकोरेशन, गाड़ी सजावट, बाळसे, डोहाळे जेवण, मुंज, अन्नप्राशन, वास्तुशांति, उद्घाटन समारोह और इवेंट मैनेजमेंट जैसे अनेक कार्यों में उनकी मांग बढ़ती गई। आज वे पूरे सांगली जिले से ऑर्डर स्वीकार कर रहे हैं।

आज जब बाजार में प्लास्टिक फूलों का चलन बढ़ गया है, तब संदीप प्राकृतिक फूलों के महत्व को बढ़ावा दे रहे हैं। उन्होंने अपने व्यवसाय में 100% प्लास्टिक फूलों का उपयोग बंद कर दिया है।

वे लोगों से अपील करते हैं कि "प्लास्टिक फूलों को छोड़कर प्राकृतिक फूलों का उपयोग करें।" इससे न केवल पर्यावरण की रक्षा

होती है, बल्कि फूल उत्पादक किसानों को भी आर्थिक लाभ मिलता है।

प्लास्टिक फूलों के कारण किसानों को हो रहे नुकसान के विरोध में मुंबई के आज़ाद मैदान में हुए आंदोलन में भी फूल उत्पादकों ने भाग लिया था। इस पहल का उद्देश्य प्राकृतिक फूलों को बढ़ावा देना और किसानों को उचित समर्थन देना था।

समय के साथ संदीप ने सोशल मीडिया का उपयोग शुरू किया, जिससे उनके काम को व्यापक पहचान मिली। उनकी कला की तस्वीरें और वीडियो लोगों तक पहुंचने लगे। इससे उनका व्यवसाय और तेजी से आगे बढ़ा।

वे अपने सफलता का श्रेय अपने मामा और मित्रों को देते हैं, जिन्होंने हर कदम पर उनका साथ दिया।

उनकी समर्पित कार्यशैली, युवा नेतृत्व और प्राकृतिक फूलों के प्रति प्रतिबद्धता को देखते हुए उन्हें वर्ष 2025 के प्रतिष्ठित "**Maharashtra Business Icon 2025**" पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है।

यह सम्मान **Reseal.in** तथा **India Fashion Icon Magazine** द्वारा प्रदान किया जा रहा है, जो महाराष्ट्र के उभरते उद्यमियों और प्रतिभाशाली व्यक्तियों को राष्ट्रीय मंच प्रदान करते हैं। यह उपलब्धि न केवल संदीप माळी के लिए, बल्कि पूरे सांगली जिले के लिए गर्व का विषय है।

इस भव्य समारोह में प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री **Prarthana Behere** की विशेष उपस्थिति रहेगी।

कार्यक्रम का आयोजन **Sudhir Kumar Pathade**, संस्थापक एवं CEO, Reseal.in (Sure Me Multipurpose Pvt. Ltd.) के नेतृत्व में किया जा रहा है, जो महाराष्ट्र के प्रतिभाशाली उद्यमियों को राष्ट्रीय पहचान दिलाने हेतु निरंतर प्रयासरत हैं।

संदीप धनंजय माळी का जीवन आज के युवाओं के लिए प्रेरणा है। कम उम्र, आर्थिक चुनौतियां और सामाजिक संदेह—इन सबका सामना करते हुए उन्होंने अपनी कला और मेहनत के बल पर सफलता प्राप्त की।

प्राकृतिक फूलों की खुशबू के साथ वे सफलता की नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहे हैं। उनका यह सफर सिद्ध करता है कि सच्ची लगन और निरंतर प्रयास किसी भी सपने को हकीकत में बदल सकते हैं।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.